Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

o/c

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80070/03-2017/6244 दिनांकः– 11-11-2020

प्रेषक,

सागर जायसवाल
उपमहाप्रबंधक (परियोजना)
बी0एम0एस0आई0सी0एल0
पटना।

सेवा में,

विकास कुमार गुप्ता
ग्राम–छोटा बरियारपुर,
मोतीहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण।
पिन–845402

विषयः–एम0एस0डी0पी0 योजना अंतर्गत निर्माणाधीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करसहीया एवं बड़हरवा लखनसेन, जिला–पूर्वी चम्पारण का भवन निर्माण कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः–इस कार्यालय का पत्रांक–1268 दिनांकः–20.07.2017, 1829 दिनांकः–25.08.2017, 2644 दिनांकः–23.10.2017, 3725 दिनाकः–27.12.2017, 5012 दिनांकः–21.03.2018, 2247 दिनांकः–20.08. 2018, 3736 दिनांकः–09.10.2018 एवं 5640 दिनांकः–19.12.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी अभिरूचि एवं संसाधनों की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है एवं अनावश्यक रूप से निर्माण कार्य को कई बार बंद कर दिया गया है। विदित हो कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रासंगिक पत्रों एवं दूरभाष के माध्यम से अनेंको बार आपको निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा निर्माण कार्य को आज तक पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है, जो कार्य के प्रति आपकी घोर लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है।

अतः एकरारनामा की कडिंका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करसहीया एवं बडहरवा लखनसेन, जिला–पूर्वी चम्पारण का भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष निर्माण कार्य को दिनांक–31.12.2020 पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए आपके विरूद्ध नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन

10/11/2020

उपमहाप्रबंधक (परि0)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80070/03-2017/6244 दिनांकः– 11-11-2020

प्रतिलिपिः–प्रबंधक (परि0) एवं पर्यवेक्षण परामर्शी Amulya Traders & Engineers Pvt. Ltd. को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त भवनों के कार्य को दिनांक–31.12.2020 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

10/11/2020

उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80070/03-2017/6244 दिनांकः– 11-11-2020

प्रतिलिपिः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ प्रेषित।

10/11/2020

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSIC/80070/03-2017/6244 दिनांकः– 11-11-2020

प्रतिलिपिः–मुख्य महाप्रबंधक (परि0), BMSICL, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

10/11/2020

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSIC/80070/03-2017/6244 दिनांकः– 11-11-2020

प्रतिलिपिः–श्री विकास कुमार झा, उपमहाप्रबंधक (निरू0), BMSICL, को सूचनार्थ प्रेषित।

10/11/2020

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः–BMSIC/80070/03-2017/6244 दिनांकः– 11-11-2020.

प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के वेबसाईट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

10/11/2020

उप महाप्रबंधक (परि०)